ओ मेरे श्याम मुझे छोड़ के ना जाओ

दिल मेरा ऐसा तुम तोड़ के ना जाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे छोड़ के ना जाओ,

वादा किया था तूने साथ मैं निभाउ गा
उम्र भर राधे संग जिंदगी बिताऊ गा,
मुझको रुला के मोहन मोड़ के न जाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे छोड़ के ना जाओ,

तू जो चला जाएगा तो मैं मर जाओगी,
मरते मरते तुझसे श्याम रिश्ता निभाऊंगी,
ब्रिज से यु नाता अपना तोड के ना जाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे छोड़ के ना जाओ,

कहते थे लोग राधे धोखा तू खाये गी,
इस छलियाँ से राधे वच नहीं पाएगी,
झूठी ये बाते उनकी सच न कराओ,
ओ मेरे श्याम मुझे छोड़ के ना जाओ,

ये तो बता दे श्याम कैसे रह पाउंगी,
तेरे बिना ये जीवन कैसे बिताउंगी,
राजीव खदाना कहता प्रीत निभाओ,
ओ मेरे श्याम मुझे छोड़ के ना जाओ,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12118/title/o-mere-shyam-mujhe-chod-ke-naa-jaao

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |